St. Thomas School, Sunari, Agra

Annual Examination-2024

Class: VI

Subject: Hindi Literature

Specimen paper

M. Time: 2 hours
MM: 80

Name: ____________________________ Roll No: ________

निर्देश:-सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1 - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए।
[5]

कोवलम की दिलचस्प फिजाओं में स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है। यानी एक पंथ दो काज। कोवलम में आयुर्वेद पद्धति से मसाज काफी प्रसिद्ध है। लेकिन मसाज के लिए केवल उन्हीं सेंटर पर जाना चाहिए जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। दरअसल यहाँ पर नारियल के तेल में विभिन्न जड़ी-बूटियां को मिलाकर शरीर की मालिश की जाती है। खासकर हड्डियों से संबंधित रोगों के लिए यह बढ़िया उपचार है।मसाज के लिए दवाओं के हिसाब से कीमतें तय हैं, जिसमें ₹300 से शुरू होकर ₹5000 प्रति घंटा तक लिया जाता है।

(क)'दिलचस्प' एवं 'खासकर' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(ख) 'उपचार'शब्द का प्रयोग करते हुए सार्थक एवं उचित वाक्य बनाइए ।

(ग) कोवलम में किस पद्धति से मसाज प्रसिद्ध है?

(घ)'कोवलम' की प्रमुख विशेषताएं लिखिए ।

(ड़) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है।

प्रश्न 2- निम्नलिखित पद्यांश पंक्तियां पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए।
[5]

रोने वाले के आधारों पर अपनी मुरली धर देने से

मैंने अक्सर यह देखा है ,मेरी तृष्णा मर जाती है ।

प्यास अधरों को बिन परसे पुण्य नहीं मिलता पानी को,

याचक का आशीष लिए बिन स्वर्ग नहीं मिलता दानी को;

(क) प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता कौन है ? नाम लिखिए ।

(ख) 'अधरों' एवं 'याचक' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

(ग) कविता के अनुसार पानी को पुण्य कब तक नहीं मिलता ?

(घ) कवि की तृष्णा कब मर जाती है ?

(ड) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

(I) पानी (II) स्वर्ग

प्रश्न 3-निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सही उत्तर चुनकर दीजिए। [5]

(क) किसके आगमन से आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर बज उठा ?

(I)दूसरा खरगोश (II)दूसरी बिल्ली

(III) दूसरी मोरनी (IV) दूसरी कबूतरी

(ख) डॉ कलाम ने क्या सपना देखा था?

(I)भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का (II)भारत को विकसित बनाने का

(III)भारत को स्वच्छ बनाने का (IV)भारत को शिक्षित बनाने का

(ग) बुद्धिमान गुरुजनों ने श्यामू को क्या विश्वास दिलाया?

(I) काकी चांँद पर गई है (II)काकी उसके मामा के यहांँ गई है

(III)काकी काम करने गई है (IV)काकी बाज़ार गई है

(घ) निष्क्रिय जीवन है-

(I) धिक्कारने योग्य (II)अनुसरण करने योग्य

(III) सुख का खजाना (IV) सौभाग्य की बात

(ड) हमारे तमाम मनसूबे धरे रह जाते हैं -

(I) जब पैसे नहीं होते (II) जब मित्र नहीं होते

(III)जब आज-कल करते-करते समय बीत जाता है

(IV) जब परिवार साथ नहीं देता

प्रश्न 4-निम्नलिखित शब्दों की अर्थ लिखिए ।
[8]

(क) तकाजा़   (ख)अज्ञात   (ग) उद्यम   (घ) कानन   (ड) विघ्न   (च) करुण
(छ) अवाम   (ज) उष्णता

प्रश्न 5 -निम्नलिखित शब्दों द्वारा वाक्य प्रयोग कीजिए।
[5]

(क) अहंकार   (ख) सौंदर्य   (ग)अंतरिक्ष   (घ) गंभीर   (ड) निरंतर

प्रश्न 6 -निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों द्वारा कीजिए।
[5]

(क) 'नर हो,न निराश करो मन को' कविता में कवि मनुष्य से ________का भाव मन में नहीं लाने को कह रहा है।

(ख) मास्टर साहब का ध्यान सबसे पहले________ की ही ओर गया।

(ग) _____ पकड़ पाना आसान नहीं है।

(घ) हमें ______की यथासंभव सहायता करनी चाहिए।

(ड) डॉ कलाम ने ______ के रूप में करियर शुरू किया।

प्रश्न -7 निम्नलिखित वाक्यों में सही कथन पर (सही) तथा गलत करने पर (गलत)उत्तर लिखिए I[5]

(क)कवि की थकान मांँ के चरणों को धोकर पीने से उतर जाती है। (   )

(ख)'कीमत' पाठ के रचयिता कामता प्रसाद सिंह 'काम' है। (   )

(ग)अनुपम के पिताजी का नाम नीरज शर्मा था (   )

(घ) केरल का कोवलम बीच प्रसिद्ध है। (   )

(ड) श्यामू ने पतंग पर भोला लिखा। (   )

प्रश्न 8 - निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? बताइए।
[5]

(क)"श्यामू भैया ने रस्सी और पतंग मांँगने के लिए निकला था।"

(ख)"बहुत अच्छे ,बहुत अच्छे! बेटा ,तुम पढ़ -लिख तो खूब लेते होंगे ?

(ग) कमबख्त चिड़ीमार ने बेचारी का क्या हाल किया है।

(घ) “यह पुस्तक किसकी है ।“

(ड) “थोड़े से दाल चावल यहां पर भी रख दो”।

प्रश्न 9- निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ प्रसंग सहित आशय स्पष्ट कीजिए । [6]

जब मैं था तब हरि नहीं,अब हरि है मैं नाहीं,

प्रेम गली अति साँकरी, जामें दो ना समाहीं।

प्रश्न 10- निम्नलिखित शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए । [2]

(क) माँ (ख) पेड़

प्रश्न 11- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । [2]

(क)ऊपर (ख) काला

प्रश्न 12 - निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए ।[3]

(क) सर्प (ख) हृदय (ग)आश्रम

प्रश्न 13 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए। [12]

(क) निंदक हमारी स्वभाव को किस प्रकार निर्मल बनाता है ?

(ख) पोखरण -2 परमाणु परीक्षण के दौरान डॉक्टर कलाम कहांँ कार्यरत थे ?

(ग) श्यामू ने उपद्रव क्यों मचाया ?

(घ) कोच्चि कहांँ बसा है ?

(ड) मीना किस अज्ञात भय से काँप रही थी ?

(च) रुपए -पैसे के मामले में सुख-दुख, भाव -अभाव किस पर निर्भर हैं ?

XIII.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए। [12]

(क) जीवन में एक पैसा किस प्रकार महत्वपूर्ण है ?

(ख)'मैंने अक्सर यह देखा है'कविता के अनुसार बताइए कि कौन-कौन से कार्य करने पर कवि को कौन-कौन से लाभ प्राप्त हो जाते हैं ?

(ग)नीलकंठ ने खरगोश के बच्चे को सांँप से किस तरह बचाया ?